# बिहार सरकार
# वित्त (अंकेक्षण) विभाग
# बिहार पटना।

## अंकेक्षण प्रतिवेदन संख्या – 14/12–13

## (1) परिचयात्मक

(क) अंकेक्षित लेखा का नाम – न्यू माडल संत पाल जुनियर मध्य विद्यालय, सिंधुआ टोली, दुर्गाचरण लेन, गुलजारबाग, पटना–07

(ख) अंकेक्षण का लेखावधि – लेखा वर्ष 2006–07 से 2010– 11

(ग) प्रशासी विभाग का नाम – मानव संसाधन (विकास) विभाग, बिहार, पटना।

(घ) अंकेक्षित अवधि के नियंत्री पदाधिकारी का नाम, पदनाम एवं कार्यकाल –

1. श्री शशि भूषण राय, जिला शिक्षा अधीक्षक दिनांक 01.04.06 से 30.06.06 तक (पूर्वाहन)
2. श्री रामसागर प्रसाद सिंह, जिला शिक्षा अधीक्षक दिनांक 30.6.06 अप0 से दिनांक 07. 07.08 पूर्वा0 तक
3. श्री शशिभूषण राय, जिला शिक्षा अधीक्षक दिनांक 07.07.08 अप0 से दिनांक 31.3.11 तक

(ङ) अंकेक्षित अवधि के लेखा प्रभारी पदाधिकारी एवं कर्मचारियों का नाम पदनाम एवं कार्यकाल –

1. श्रीमती पदमावती वर्मा प्रधानाध्यापिका दिनांक 01.04.06 से 31.12.07 तक

|  |  |
|---|---|
|  | 2. श्रीमती दयमन्ती कुमारी दि0 01.1.2008 से अद्यतन्। |
| (च) अंकेक्षण में सहयोग देने वाले पदाधिकारी/ कर्मचारी का नाम एवं पदनाम – | 1. श्रीमती दमयन्ती कुमार प्रधानाध्यापिका |
| (छ) वरीय अंकेक्षकों के नाम – | 1. श्री अविनाश कुमार वरीय अंकेक्षक–2<br>2. श्री अरविन्द कुमार सिंह वरीय अंकेक्षक –2 |
| (ज) अंकेक्षण प्रारम्भण तिथि – | 02.05.2012 |
| (झ) अंकेक्षण समापन की तिथि – | 11.05.2012 |
| (ञ) अंकेक्षण में व्यतीत कार्य दिवस – | 6 कार्य दिवस |
| (ट) अंकेक्षण में प्रस्तुत एवं अप्रस्तुत अभिलेखों के सूची – | अंकेक्षण प्रतिवेदन के प्रतिवेदन के परिशिष्ट 'क' पर अंकित है। |

**(2) अंकेक्षण का क्षेत्र :–**

इस विद्यालय को अवर प्रमण्डल शिक्षा पदाधिकारी, पटना सिटी के पत्रांक 541 दि0 25.7.66 द्वारा वर्ग छठें एंव सातवें के लिए तथा विद्यालय उप निरीक्षक पटना सिटी के पत्रांक 43 दि0 23.1.68 द्वारा वर्ग प्रथम से पंचम के लिए प्रस्वीकृत किया गया था। यह विद्यालय सामान्य गैर सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालय है। इस विद्यालय के शिक्षकाओं को वेतनादि मद में राशि सरकार से अनुदान स्वरूप प्राप्त होता है। इस प्रकार वेतनादि मद में प्राप्त अनुदान राशि का अंकेक्षण किया गया।

विद्यालय का संचालन , प्रशासन, अनुरक्षण शिक्षकों की नियुक्ति, बालिका पोशाक योजना, एवं मध्याह्न भोजन आदि का क्रियान्वयन तथा नियंत्रण विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा दिया जाता है।

(iv) वित्तीय स्त्रोत – वेतनादि मद में राशि अनुदान से प्राप्त होती है इसका विवरणी परिशिष्ट 'ख' पर अंकित है।

(v) कोषागार अभिलेखों से सत्यापन की स्थिति :–

विद्यालय द्वारा अनुदान राशि की निकासी कोषागार से नही निकाली जाती है फलतः कोषागार सत्यापन नही किया गया।

(vi) महालेखाकार का पूर्व के निरीक्षण प्रतिवेदन के अनुपालन की स्थिति :–

विद्यालय द्वारा बताया गया कि महालेखाकार द्वारा अबतक अंकेक्षण नही कराया गया है। अतः निरीक्षण प्रतिवेदन के अनुपालन का प्रश्न नही उठा।

(vii) वित्त (अंकेक्षण) विभाग के पूर्व अंकेक्षण प्रतिवेदन के अनुपालन की स्थिति :– वित्त (अंकेक्षण) विभाग का यह प्रथम अंकेक्षण था। अतः पूर्व अंकेक्षण प्रतिवेदन के सत्यापन का प्रश्न नही उठा।

**(3) वित्तीय समीक्षा :–**

1. प्राप्त अनुदान से अधिक राशि व्यय नही की गई है तथा
2. प्राप्त अनुदान राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रशासी विभाग को नही भेजा गया है।
3. रोकड़ पंजी में संवरण शेष के नगद राशि के भौतिक सत्यापन की स्थिति ,रोकड़ पंजी में संवरण शेष 'शून्य' पाया गया। अतः भौतिक सत्यापन नही किया गया।
4. रोकड़ पुस्त का संवरण शेष 'शून्य' था।

### (4) अंकेक्षित कार्यालय के स्वीकृत/कार्यरत/रिक्त बलों का विवरण :–

| वित्तीय वर्ष | स्वीकृत बल (स0 शि0) | कार्यरत बल | आधिक /कम |
|---|---|---|---|
| 2006–07 | 8 | 3 | 5 |
| 2007–08 | 8 | 4 | 4 |
| 2008–09 | 8 | 4 | 4 |
| 2009–10 | 8 | 4 | 4 |
| 2010–11 | 8 | 4 | 4 |

विद्यालय में सहायक शिक्षक का अबतक 4 पद रिक्त है। छात्रों के अनुपात में नियुक्ति आवश्यकतानुसार की जानी चाहिए। स्वीकृत बल से सम्बनधित कोई प्रमाणिक अभिलेख विद्यालय में उपलब्ध नही था। अतः विभाग द्वारा इसकी समीक्षा कर ली जानी चाहिए।

## भाग– 2

### (5) वेतन में मँहगाई भत्ता विलय के कारण अधिक भुगतान राशि रू0 36880.00 वसूली योग्य :–

वेतन भुगतान पंजी के जाँच में पाया गया कि वित्त विभाग के ज्ञापांक 1773 वि (2) दिनांक 02.4.05 के निदेशानुसार सरकारी सेवक को देय मूल वेतन में 50 प्रतिशत मँहगाई भत्ता दिनांक 01.01.05 के प्रभाव से विलय करने हेतु था। परन्तु मँहगाई भत्ता विलय का लाभ कुछ गैर सरकारी सहायता प्राप्त (अल्प संख्यक विद्यालय सहित) द्वारा भी लिया गया था। अंकेक्षणाधीन विद्यालय के तीन शिक्षिका द्वारा भी वेतन में 50 प्रतिशत मँहगाई भत्ता विलय का लाभ प्राप्त किया गया है। इस संदर्भ में यह उल्लेखनीय है कि यह विलय लाभ गैर सरकारी सहायता प्राप्त एंव अल्प संख्यक विद्यालय के शिक्षकों को देय नही था। इन्ही कारणों से जिला शिक्षा अधीक्षक, पटना ने अपने पत्रांक 7952 दि0 17.09.07 द्वारा इस प्रकार के विलय पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दिया गया था। जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा विलय पर रोक

लगाये जाने के तिथि के पूर्व 10 माह तक शिक्षिकओं द्वारा 50 प्रतिशत मँहगाई भत्ता वेतन में विलय कर उक्त राशि पर अनुमान्य दर से मँहगाई भत्ता एंव आवास भत्ता के रूप में राशि रू0 36880.00 का अधिक लाभ प्राप्त कर लिया गया था। इस अधिलाभ की वसूली हेतु जिला शिक्षा अधीक्षक स्तर से कोई कदम नही उठाया गया था।

अतः सुझाव दिया जाता है कि विभागीय स्तर से इसकी समीक्षा कर लिया जाये तथा परिशिष्ट 'ग' पर अंकित विवरणी के अनुसार अधिक भुगतान राशि रू0 36880.00 संगत व्यक्तियों से वसूल कर उचित शीर्ष में जमा करा दिया जाये तथा प्राप्त प्रतिफल से वित्त (अंकेक्षण) विभाग, बिहार पटना को अवगत कराया जाये।

## भाग– 3 (सुझावात्मक)

(6) वेतन मद में कुल भुगतीत राशि रू0 3155886.00 का उपयोगिता प्रमाण पत्र महालेखाकार को भेजने के संबंध में।

वेतनादि मद में भुगतान राशि के जाँच में पाया गया कि अंकेक्षणाधीन वर्ष में वेतनादि मद में राशि रू0 3155886.00 का भुगतान शिक्षकों ने प्राप्त किया था। परन्तु उक्त व्यय राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र सक्षम पदाधिकारी को नही भेजा गया था। यह स्थिति बिहार वित्त नियमावली के नियम 340 से 346 के प्रतिकूल है। विशेषतः उक्त नियमावली के नियम 342 में स्पष्ट उल्लेख है कि स्वीकृत अनुदानों, अंशदानों, एंव विशिष्ट लक्ष्यों की पूर्त्ति हेतु विशिष्ट सेवाओं एंव निर्माणों आदि हेतु उपयोगिता प्रमाण पत्र स्वीकृत्यादेश की तिथि से एक वर्ष के अन्दर अनुदान देनेवाला प्राधिकार महालेखाकार को भेजने की व्यवस्था करेगें या करायेगें। स्पष्ट है इस नियम का अनुपालन विभाग के किसी स्तर पर नही किया गया है। उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजे जाने योग्य राशि का विवरण इस प्रतिवेदन के परिशिष्ट 'छ' पर अंकित है। इस संदर्भ में निर्गत आपत्ति के अनुपालन में बताया गया कि ''उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजने की तैयारी की जा रही है'' अंकेक्षण समाप्ति तिथि तक उपयोगिता प्रमाण पत्र सक्षम पदाधिकारी को भेजे जाने का साक्ष्य अंकेक्षण में प्रस्तुत नही किया गया।

अतः वेतन मद में कुल भुगतीत राशि रू0 3155886.00 का उपयोगिता प्रमाण पत्र सक्षम पदाधिकारी के माध्यम से महालेखाकार , बिहार, पटना को भेजा जाय। तथा वार्णित राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजे जाने की दिशा में की गई कार्रवाई के प्रतिफल से वित्त (अंकेक्षण) विभाग बिहार, पटना को अवगत कराया जाय।

**(7) अंकेक्षण का संक्षिप्त मंतव्य :–**

(i) भविष्य निधि मद की राशि पोस्ट आफिस के बचत खाते में जमा :–

जिला शिक्षा अधिक्षक कार्यालय से प्राप्त भविष्य निधि मद के अनुदान राशि को संबंधित शिक्षकों ने अपने–अपने बचत खाता (पोस्ट आफिस) में जमा कर रखा था। वस्तुतः इस मद के राशि को भविष्य निधि योजनान्तर्गत खाते में जमा कराया जाना चाहिए था। इस प्रकार के योजना का संचालन बैंक या पोस्ट आफिस दोनो द्वारा किया जाता है। भविष्य निधि योजनान्तर्गत संचालित खाते में अंशदान किये जाने से उच्च दर पर सूद की प्राप्ति होगी तथा भविष्य निधि के उद्वेश्य की भी पूर्त्ति होगी। इस संदर्भ में निर्गत आपत्ति के अनुपालन में बताया गया कि ''भविष्य निधि योजनान्तर्गतत खाते को खोलने के लिए बातचीत चल रही है।'' अतः सुझाव दिया जाता है कि बचत खाते में जमा अंकेक्षणावधि से पूर्व की राशि तथा अंकेक्षणावधि की भविष्य निधि मद की राशि रू0 176746.00 नये खोले जाने वाले खाते में स्थानान्तरित कर दिया जाये जिसकी विवरणी परिशिष्ट 'ड़' पर है। भविष्य में इसी योजनान्तर्गत खाते में अंशदान किया जाये।

(ii) निरीक्षण संचिका संधारित किया जाये :–

वित्त विभाग के ज्ञापांक ए0 आर0 – 06/19/53 –29 वि0 दिनांक 01.06.53 के निदेशानुसार प्रत्येक कार्यालय में अंकेक्षण आपत्तियों और निरीक्षण प्रतिवेदनों की एक पंजी अनिवार्य रूप संधारित किया जाये।

(iii) रोकड़ बही की त्रुटियाँ :–

रोकड़ बही के प्रत्येक माह के अंत में संवरण शेष की विस्तृत विवरणी तैयार कर अवश्य अंकित किया जाये तथा बिहार कोषागार संहिता के नियम 86 (iii) के अनुरूप रोकड़ बही के योग एंव संतुलन का प्रमाण पत्र अवश्य अंकित कया जाये।

(iv) अनुदान प्राप्ति का अलग से पंजी संधारित किया जाये :–

विद्यालय द्वारा अनुदान के रूप में प्राप्त चेकों के लिए एक अलग आगत पंजी का संधारण किया जाये। इस पंजी में अनुदान प्राप्ति का स्त्रोत, अनुदान का माध्यम (चेक एंव ड्राफ्ट) का विवरण, प्राप्ति तिथि, अनुदान राशि का उल्लेख अवश्य किया जाये।

**उप लेखा नियंत्रक**
**वित्त(अंकेक्षण)विभाग,बिहार पटना**

**<u>मिलान एवं शुद्धिकर्त्ता का नाम</u>**

(1) आलोक कुमार गुप्ता व0 अं0– 2
(2)

***“ NISHU’’***

## परिशिष्ट 'क' कंडिका –1 'ट' से संबंधित

## प्रस्तुत एंव अप्रस्तुत अभिलेखों की सूची :–

**(क) प्रस्तुत अभिलेख :–**

1. रोकड़ पुस्त (वेतनादि मद) वर्ष 2006–07 से 2010– 11 तक
2. वेतन भुगतान पंजी वर्ष 2006–07 से 2010– 11 तक
3. भविष्य निधि पासबुक वर्ष 2006–07 से 2010– 11 तक
4. वेतन भुगतान पासबुक वर्ष 2006–07 से 2010– 11 तक
5. अनुदान चेकों की छाया प्रति वर्ष 2006–07 से 2010– 11 तक
6. शिक्षक उपस्थिति पंजी वर्ष 2006–07 से 2010– 11 तक
7. छात्रोपस्थिति पंजी वर्ष 2006–07 से 2010– 11 तक
8. प्रीपोजीशन स्टेटमेंट
9. अनुमोदन संचिका
10. बकाया वेतन स्वीकृत्यादेश संचिका

**(ख) अप्रस्तुत अभिलेख :–**

1. विद्यालय प्रस्वीकृति पत्र एंव शिक्षक स्वीकृत पद का पत्र
2. सेवा पुस्त
3. प्रोन्नति एंव सेवानिवृत्ति की संचिका
4. नियुक्ति संचिका एंव विभागीय निदेशों की संचिका

## परिशिष्ट 'ख' कंडिका –2 (iv) से संबंधित

## आय एंव व्यय विवरणी वर्ष 2006–07 से 10–11 तक

| क्र0 | वित्तीय वर्ष | मद | प्राप्त अनुदान | व्यय | अधिव्यय / अधिक्य | बचत | विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2006–07 | वेतन<br>भविष्य निधि | 249969<br>7130 | 249969<br>7130 | – | – | चेक सं0 422890 दि0 3.06.06 वेतन 166684.00 भ0 नि0 4760.00<br>चेक सं0 161203 दि0 22.06.06 वेतन 40415.00 भ0 नि0 1180.00<br>चेक सं0 161235 दि0 6.10.06 वेतन 42870.00 भ0 नि0 1190.00 |
| 2 | 2007–08 | वेतन<br>भविष्य निधि | 865034<br>61521 | 865034<br>61521 | – | – | चेक सं0 070970 दि0 10.05.07 वेतन 352806.00 भ0 नि0 29460.00<br>चेक सं0 192514 दि0 16.10.07 वेतन 105191.00 भ0 नि0 11046.00<br>चेक सं0 192556 दि0 13.03.08 वेतन 407037.00 भ0 नि0 21015.00 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2008—09 | वेतन<br>भविष्य निधि | 515759<br>32250 | 515759<br>32250 | — | — | चेक सं0 192576 दि0 02.4.08 वेतन 95665.00 भ0 नि0 4500.00<br>चेक सं0 092884 दि0 09.3.09 वेतन 420094.00 भ0 नि0 27750.00 |
| 4 | 2009—10 | वेतन<br>भविष्य निधि | 627727<br>37565 | 627727<br>37565 | — | — | चेक सं0 329160 दि0 01.02.10 वेतन 520550.00 भ0 नि0 31250.00<br>चेक सं0 331037 दि0 25.03.10 वेतन 53377.00 भ0 नि0 3125.00<br>चेक सं0 331547 दि0 28.03.10 वेतन 53800.00 भ0 नि0 3190.00 |
| 5 | 2010—11 | वेतन<br>भविष्य निधि | 720651<br>38280 | 720651<br>38280 | — | — | चेक सं0 437053 दि0 18.3.11 वेतन 658562.00 भ0 नि0 35090.00<br>चेक सं0 437139 दि0 25.3.11 वेतन 62089.00 भ0 नि0 3190.00 |

# परिशिष्ट 'ग'

## कंडिका '5' से सम्बन्धित

## 50 प्रतिशत मँहगाई भत्ता विलय के कारण अधिक भुगतान

| क्र0 सं0 | शिक्षक का नाम | सम्बन्धित अवधि | भुगतीत राशि | | | | | भुगतान योग्य राशि | | | | अंतर राशि | | | कुल अवधि | वसूली योग्य | कुल राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | मूल वेतन | 50 प्रति0 महँगाई वेतन | मँहगाई भत्ता 24–29 प्रति0 | आवास भत्ता 15 प्रति0 | योग | मूल वेतन | मँहगाई भत्ता 74–79 प्रति0 | आवास भत्ता 15 प्रति0 | योग | मँहगाई भत्ता | आवास भत्ता | योग | | | |
| 1 | श्रीमती पद्मावती वर्मा स0 शिक्षिका | मार्च 06 से अप्रैल 06 | 6000 | 3000 | 2160 | 1350 | 12510 | 6000 | 4440 | 900 | 11340 | 720 | 450 | 1170 | 1170X2 माह | 2340.00 | |
| | | मई 06 से जून 06 | 6125 | 3063 | 2205 | 1378 | 12771 | 6125 | 4532 | 919 | 11576 | 736 | 459 | 1195 | 1195X2 माह | 2390.00 | 12818.00 |
| | | जुलाई 06 से दिस0 06 | 6125 | 3063 | 2665 | 1378 | 13231 | 6125 | 4839 | 919 | 11883 | 889 | 459 | 1348 | 1348X6 माह | 8088.00 | |
| 2 | श्रीमती रागिनी कुमारी स0 शिक्षिका | मार्च 06 से जून 06 | 5500 | 2750 | 1980 | 1238 | 11468 | 5500 | 4070 | 825 | 10395 | 660 | 413 | 1073 | 1073X4 माह | 4292.00 | 11558.00 |
| | | जुलाई 06 से दिस0 06 | 5500 | 2750 | 2393 | 1238 | 11881 | 5500 | 4345 | 825 | 10670 | 798 | 413 | 1211 | 1211X6 माह | 7266.00 | |

| | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | श्रीमती दमयन्ती कुमारी स0 शिक्षिका | मार्च 06 से जून 06<br>जुलाई 06 से दिस0 06 | 5875<br>6000 | 2938<br>3000 | 2115<br>2610 | 1322<br>1350 | 12250<br>12960 | 5875<br>6000 | 4348<br>4740 | 881<br>900 | 11104<br>11640 | 705<br>870 | 441<br>450 | 1146<br>1320 | 1146X4 माह<br>1320X6 माह | 4584.00<br>7920.00 | 12504.00 |

कुलयोग– 36880.00

## परिशिष्ट 'घ'

## कंडिका – 6 से सम्बन्धित

## उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजे जाने योग्य राशि

| क्र0 सं0 | मद | वित्तीय वर्ष 2006–07 | 2007–08 | 2008–09 | 2009–10 | 2010–11 | कुल राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वेतन<br>भविष्य निधि | 249969<br>7130 | 865034<br>61521 | 515759<br>32250 | 627727<br>37565 | 720651<br>38280 | 2979140<br>176746 |
| | | 257099 | 926555 | 548009 | 665292 | 758931 | 3155886 |

# परिशिष्ट 'ड'

## कंडिका –7 '1' से सम्बन्धित

## बचत खाते में भविष्य निधि मद की जमा राशि का विवरण

| क्र0 सं0 | शिक्षकों का नाम | बचत खाता सं0 | अंशदान 2006–07 | अंशदान 2007–08 | अंशदान 2008–09 | अंशदान 2009–10 | अंशदान 2010–11 | कुल अंशदान | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती पदमावती देवी स0 शि0 | डाक घर बचत खाता 561666 | 2630 | 13740 | – | – | – | 16370 | पोस्ट अफिस गुलजार बाग, बच खाता 561666 |
| 2 | श्रीमती दयमन्ती कुमारी स0 शि0 | 563246 | 2400 | 19720 | 9000 | 12000 | 12000 | 55120 | पोस्ट अफिस गुलजार बाग, बच खाता 563246 |
| 3 | श्रीमती रागिनी कुमारी स0 शि0 | 566207 | 2100 | 11390 | 6480 | 8885 | 9600 | 38455 | पोस्ट अफिस गुलजार बाग, बच खाता 566207 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | श्रीमती अनीस फातमा स0 शि0 | 566206 | — | 16671 | 5760 | 7680 | 7680 | 37791 | पोस्ट अफिस गुलजार बाग, बच खाता 566206 |
| 5 | श्रीमती ममता सिन्हा स0 शि0 | 570587 | — | — | 11010 | 9000 | 9000 | 29010 | पोस्ट अफिस गुलजार बाग, बच खाता 570587 |
| | | | **7130** | **61521** | **32250** | **37565** | **38280** | **176746** | |